CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 183 ▫ रायपुर, रविवार 26 जुलाई 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### आकाशीय बिजली का कहर

## कटघोरा में 3 व अंबिकापुर में 1 मासूम की मौत



**रायगढ़, 26 जुलाई (हाईवे चैनल)।** जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक हृदय विदारक हादसा हो गया। खेत में धान की रोपाई कर रहे तीन ग्रामीणों की गाज की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है यह हादसा छुरी बकरा बाजार स्थित विद्युत सब-स्टेशन के पीछे हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार करीब 25 से 30 ग्रामीण छुरी खेत में धान की रोपाई और अन्य कृषि कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। देखते ही देखते आकाशीय बिजली खेत की मेढ़ पर आ गिरी और उसकी चपेट में 3 ग्रामीण आ गए।

हादसे में बहोरन पाटले, लक्ष्मीचंद पाटले और श्याम साहू, तीनों निवासी छुरी, गंभीर रूप से झुलस गए। बिजली गिरते ही खेत में मौजूद अन्य ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तत्काल तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। तीनों की मौत की खबर से गांव में मातम छा गया। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतकों के परिजनों को तत्काल आर्थिक सहायता और मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही बरसात के मौसम में खेतों में काम करते समय आकाशीय बिजली से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की गई है।मौसम विभाग ने भी अगले कुछ दिनों तक गरज-चमक और बिजली गिरने की संभावना जताई है।

### 7 साल की मासूम की गई जान, युवक समेत 2 घायल

**अंबिकापुर, 26 जुलाई (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले से दुखद हादसा सामने आया है. बिनिया गांव में शनिवार को अचानक मौसम करवट ली. इस दौरान खेत में काम करे रहे युवक और बच्चियां आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए. सभी झुलस गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां डॉक्टरों ने 7 साल की मासूम को मृत घोषित कर दिया.



घटना लखनपुर थाना इलाके की है। जानकारी के मुताबिक, बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली गिरने की गतिविधियां बढ़ गई है. बिनिया में बच्ची परिवार के साथ अपने ही खेत में रोपा लगा रही थी. करीब 4:30 बजे मौसम बिगड़ने लगा, कुछ देर बाद आकाशीय बिजली गिरने से तीन लोग अचेत होकर गिर गए. वह गाज की चपेट में आकर झुलस चुके थे. घटना के दौरान बच्ची की मां भी वहां मौजूद थी। तीनों को इलाज के लिए आरगोती के संगवारी अस्पताल लाया गया. जहां डॉक्टर ने जांच के बाद प्रीति ठाकुर को मृत घोषित कर दिया. वहीं अन्य घायलों की स्थिति अभी ठीक बताई जा रही है. घटना के बाद से परिवारजनों में शोक का माहौल है. पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

## प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्री का प्रभार

### धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद मिला जिम्मा



**नई दिल्ली, 26 जुलाई (न्यूज चैनल)।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने रविवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। इससे एक दिन पहले शनिवार को धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। प्रह्लाद जोशी के पास पहले से ही उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की जिम्मेदारी है। अब उन्हें शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दिया था। उनका इस्तीफा ऐसे समय आया जब देशभर में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक विवाद को लेकर धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की मांग कर रहे थे।

अपने इस्तीफे में धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है। उन्होंने लिखा कि पिछले 10 दिनों में जिस तरह की घटनाएं हुईं, उससे वे बेहद व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद छोड़ने का फैसला किया। अब शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी प्रह्लाद जोशी के पास है। ऐसे में माना जा रहा है कि मंत्रालय के सामने नीट पेपर लीक मामले से जुड़े मुद्दों का समाधान करना और छात्रों का भरोसा बहाल करना सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी। बता दें कि, राष्ट्रपति द्वारा पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा स्वीकार किए जाने के बाद प्रधानमंत्री की सलाह पर प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कार्यभार संभालने के बाद प्रह्लाद जोशी ने तुरंत ही शिक्षा मंत्रालय के कामकाज से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों से बातचीत की। दरअसल शिक्षा मंत्रालय देश के भविष्य से जुड़ा अत्यंत महत्वपूर्ण मंत्रालय है। नए शिक्षा मंत्री के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ उच्च शिक्षा, विद्यालयी शिक्षा, कौशल विकास और अनुसंधान को भी नई गति देने महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### ब्रेकिंग न्यूज


#### पीतल कारोबारी के ठिकानों पर ईडी-आईटी की दबिश

**बलौदा बाजार, 26 जुलाई (हाईवे चैनल)।** नगर के गौरव पथ स्थित पीतल सामान के कारोबारी राजकुमार सराफ के मकान और कारखाने में देर रात ईडी व आईटी की टीम ने छापा मारा है. बताया जा रहा है कि कारोबारी के लड़के शराब के कारोबार से भी जुड़े हुए हैं। एक तरफ घर के अंदर ईडी-आईटी के अधिकारी अपनी तफ्तीश कर रहे हैं, वहीं बाहर स्थानीय पुलिस के जवान तैनात हैं. घर से बाहर निकले अधिकारी ने कुछ भी कहने से इंकार किया है. लेकिन इतना जरूर है कि कारोबारी परिवार राजनीतिक पहुंच वाला है., जिसकी वजह से इस कार्रवाई को मनी लांड्रिंग से भी जोड़कर देखा जा रहा है।



#### छात्रों पर पुलिस कार्रवाई पर बिफरे राहुल गांधी, अमित शाह को पत्र लिखकर पूछा- आदेश किसने दिया

**नई दिल्ली, 26 जुलाई (न्यूज चैनल)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को गृह मंत्री अमित शाह को एक खत लिखा है। इस पत्र में उन्होंने सवाल उठाया कि दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हमला करने का आदेश किसने दिया था। राहुल गांधी ने कहा कि वे 20 जुलाई को दिल्ली में शांति से अपनी बात रख रहे छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई की जवाबदेही तय कराने के लिए यह लेटर लिख रहे हैं।



## शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के इस्तीफे की मांग

### राजधानी में छात्रों का प्रदर्शन, एनएसयूआई ने भी दिया समर्थन




**रायपुर, 26 जुलाई (हाईवे चैनल)।** धर्मेंद्र प्रधान के बाद अब छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के इस्तीफे की मांग उठ रही है. राजधानी रायपुर के अंबेडकर चौक में रविवार को बड़ी संख्या में छात्र एकजुट हुए हैं. 12वीं बोर्ड के हिंदी विषय के पेपर लीक मामले को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है. इस प्रदर्शन को एनएसयूआई का भी समर्थन मिला है।

जानकारी के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पेपर लीक जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए सख्त और प्रभावी कानून लागू करने की मांग की. उनका कहना था कि लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों से छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है, इसलिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मजबूत कानूनी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने री-नीट एग्जाम से जुड़ी घटनाओं के बाद आत्महत्या करने वाली हरिका राव के परिवार को उचित मुआवजा और न्याय देने की भी मांग की. प्रदर्शन को एनएसयूआई का भी समर्थन मिला. एनएसयूआई कार्यकर्ता प्रदर्शन में शामिल होकर छात्रों की मांगों के समर्थन करने पहुंचे हैं।

## 'मन की बात' कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी- 'आज कारगिल विजय दिवस है, ये दिन हमें गर्व से भर देता है'

**नई दिल्ली, 26 जुलाई (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा कर रहे हैं। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 136वां एपिसोड है। इस कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने कारगिल विजय दिवस के बारे में बात की और वीर बलिदानियों को नमन किया। उन्होंने कहा- हमारे जीवन में कुछ तारीखें ऐसी होती हैं। जिन्हें याद रखने के लिए कैलेंडर देखने की जरूरत नहीं पड़ती है। आज 26 जुलाई ऐसी ही एक तारीख है। आज कारगिल विजय दिवस है, ये दिन हमें गर्व से भर देता है। ये दिन हमें अपनी वीर जवानों के अद्भुत साहस की याद दिलाता है। कारगिल की ऊंची-



ऊंची चोटियां, कठिन मौसम, दुश्मन की चुनौती; हर परिस्थिति हमारे सैनिकों के सामने थी, लेकिन उनका हौसला हर चुनौती से बड़ा था। उन्होंने मां भारती की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। आज कारगिल विजय दिवस पर मैं सभी वीर शहीदों और वीर सैनिकों को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। साथियों, आज का भारत अपने वीरों को सिर्फ याद ही नहीं करता है, बल्कि नई पीढ़ी तक उनकी गाथा भी पहुंचाता है। इसी भावना से इस वर्ष से विशेष शौर्य विजय यात्रा निकाली गई है। 14 जुलाई को दिल्ली के नेशनल वॉर मेमोरियल से शुरू हुई मोटरसाइकिल यात्रा द्रास के कारगिल वॉर मेमोरियल तक पहुंचेगी। इसका संदेश है, वन राइड, वन नेशन , वन सैल्यूट। ये यात्रा हमें याद दिलाती है, कि राष्ट्र के लिए दिया गया बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

साथियों, आज भारत अपने सैनिकों के साहस के साथ-साथ अपनी तकनीकी क्षमता को भी लगातार मजबूत कर रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा- कुछ दिन पहले भारतीय नौसेना में आईएनएस महेंद्रगिरि शामिल किया गया।

## आरक्षक ने थाना परिसर के बैरक में किया सुसाइड

**सक्ती, 26 जुलाई (हाईवे चैनल)।** जिले के हसौद थाना से एक दुखद खबर सामने आई है। थाना में पदस्थ आरक्षक जय लहरें ने थाना परिसर स्थित बैरक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरक्षक का शव बैरक की ऊपरी मंजिल पर फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हसौद ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सक्ती जिले के हसौद थाना में पदस्थ आरक्षक जय लहरें ने शनिवार को थाना परिसर की ऊपरी मंजिल स्थित बैरक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब साथी पुलिसकर्मियों ने उनका शव फंदे से लटका देखा तो तत्काल इसकी सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। घटना के बाद आरक्षक को तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हसौद ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से पुलिस विभाग में शोक और हड़कंप का माहौल है। फिलहाल, आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि, जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा।



## 500 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

### रंग शारदा होटल और प्रभादेवी की जमीन जब्त

**नई दिल्ली, 26 जुलाई (न्यूज चैनल)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 500 करोड़ रुपये से अधिक के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई के बांद्रा स्थित मशहूर रंग शारदा होटल और प्रभादेवी स्थित एक भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है। ईडी के मुताबिक, जब्त की गई दोनों संपत्तियों की कुल कीमत करीब 332 करोड़ रुपये है। एजेंसी का दावा है कि पूरे मामले में करीब 512 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की गई।




ईडी की जांच प्रभुदास वीरचंद लोटिया और अन्य लोगों के खिलाफ चल रही है। एजेंसी ने बताया कि यह कार्रवाई रंग शारदा होटल्स प्राइवेट लिमिटेड की संपत्तियों पर की गई है। मामला उस जमीन से जुड़ा है, जिसे महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) ने मराठी नाटक, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रियायती शर्तों पर रंग शारदा प्रतिष्ठान ट्रस्ट को आवंटित किया था।

जांच एजेंसी के अनुसार, जिस उद्देश्य के लिए जमीन आवंटित की गई थी, उसका पालन नहीं किया गया। आरोप है कि जमीन का बड़े पैमाने पर व्यावसायिक इस्तेमाल किया गया और आवंटन की शर्तों का उल्लंघन करते हुए उससे भारी आर्थिक लाभ कमाया गया। ईडी ने बताया कि उसकी जांच बांद्रा पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी। यह शिकायत रंग शारदा प्रतिष्ठान ट्रस्ट के ट्रस्टियों ने दर्ज कराई थी। शिकायत में प्रभुदास वीरचंद लोटिया और रंग शारदा होटल्स प्राइवेट लिमिटेड पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे। इसी एफआईआर के आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान ईडी को पता चला कि ट्रस्ट को आवंटित जमीन पर लोटिया ने रंग शारदा होटल्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से अवैध कब्जा कर लिया। इसके बाद सरकारी मंजूरियों और जमीन आवंटन की शर्तों की अनदेखी करते हुए पूरे परिसर का व्यावसायिक उपयोग किया गया। ईडी के अनुसार, कंपनी को समझौते के तहत यहां एक ड्रामा थिएटर और कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था बनाकर ट्रस्ट को सौंपनी थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसके बजाय आवश्यक कानूनी मंजूरियां प्राप्त किए बिना परिसर में होटल, ठहरने के कमरे, रेस्टोरेंट, शराब का बार, मैरिज हॉल और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान संचालित किए गए।

## नशे के सौदागरों की काली कमाई पर कानून का शिकंजा, 35.85 लाख रुपये की संपत्ति फ्रीज

### मुंबई की सफेमा कोर्ट ने जारी किया अवैध सम्पत्ति फ्रिज करने का आदेश

**धमतरी, 26 जुलाई (हाईवे चैनल)।** जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ धमतरी पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी आर्थिक कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित 35 लाख 85 हजार 116 रुपए मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को फ्रीज कराया है। मुंबई स्थित सक्षम प्राधिकारी सफेमा/एनडीपीएसए कोर्ट ने 23 जुलाई 2026 को फ्रीजिंग आदेश की पुष्टि कर दी है।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक भावना शुक्ला धमतरी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अब केवल आरोपियों की गिरफ्तारी तक सीमित नहीं है, बल्कि नशे के कारोबार से अर्जित अवैध संपत्तियों पर भी सीधा आर्थिक प्रहार कर रही है। नगर पुलिस अधीक्षक धमतरी अभिषेक चतुर्वेदी एवं थाना सिटी कोतवाली की जांच में आरोपियों के बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, बीमा योजनाएं, वाहन तथा





अचल संपत्तियों में किए गए निवेश का वित्तीय विश्लेषण किया गया। इसके बाद एनडीपीएस एक्ट, 1985 की धारा 68ऋ के तहत संपत्तियों को फ्रीज कर प्रकरण सक्षम प्राधिकारी सफेमा/एनडीपीएसए , मुंबई के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पहले प्रकरण में आरोपी आरती रजक से संबंधित बैंक खातों एवं निवेश सहित 12 लाख 93 हजार 636 रुपए की संपत्ति फ्रीज की गई। वहीं दूसरे प्रकरण में आरोपी करण सिंह धुरी, उसकी पत्नी उषा बाई धुरी एवं पुत्री जाइका धुरी से संबंधित बैंक खातों, वाहन और अचल संपत्तियों सहित 22 लाख 91 हजार 479 रुपए की संपत्ति फ्रीज की गई। सुनवाई के दौरान संबंधित पक्ष संपत्तियों के वैध आय स्रोत के संबंध में संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर सक्षम प्राधिकारी ने धमतरी पुलिस की फ्रीजिंग कार्रवाई को वैध ठहराते हुए आदेश की पुष्टि कर दी।

**आरोपियों के खिलाफ कई प्रकरण दर्ज होने पर की गई बड़ी कार्रवाई:** धमतरी पुलिस के अनुसार संबंधित आरोपियों के विरुद्ध पहले से एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज हैं तथा उनके खिलाफ पीआईटीएनडीपीएस एक्ट के तहत भी वैधानिक कार्रवाई की जा चुकी है।

पुलिस ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में नशे के कारोबारियों के खिलाफ केवल गिरफ्तारी ही नहीं, बल्कि उनकी अवैध कमाई और संपत्तियों पर भी कठोर आर्थिक कार्रवाई जारी रहेगी। धमतरी पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन, संग्रहण या अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

CMYK